**106. Freedime Infotech Private Limited- Educator**

अंतिम तिथि 06-01-2026

**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता** : B.A./

**विभाग** : बेसिक शिक्षा विभाग

**जनपद** : बिजनौर,

□ ईसीसीई ऐजुकेटर्स का कार्य एवं दायित्वः- □ आयुवर्ग 3 से 6 वर्ष के बच्चों को औपचारिक शिक्षा हेतु तैयार करना। □ आयुवर्ग 3 से 6 वर्ष के बच्चों के भौतिक, मानसिक, सामाजिक संवेगात्मक एवं अकादमिक विकास हेतु वातावरण सृजन एवं आंगनबाडी कार्यकत्री को उक्त की सम्प्राप्ति में सहयोग प्रदान करना। □ आयुवर्ग 5 से 6 वर्ष के बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निर्धारित अधिगम स्तर की सम्प्राप्ति को सुनिश्चित करना। □ बच्चों के संज्ञानात्मक विकास हेतु रंग, आकार, ध्वनि, वस्तु, वातावरण यथा पेड-पोधे, पक्षी, जानवरों आदि से संबंधित गतिविधियों का प्रयोग करना। □ आंगनबाडी कार्यकत्री को बच्चों के साथ अन्य क्रियाकलापों यथा खेल, नाटक, पिकनिक, क्षेत्र भ्रमण, संगीत, हाथ के कार्य आदि हेतु कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करना। □ अभिभावकों के साथ मुख्यतः माताओं के साथ बैठक करते हुए बच्चों की प्रगति से लगातार अवगत कराना। इसके साथ ही घर में बच्चों को सीखने का वातावरण उपलब्ध कराने हेतु माताओं का अभिमुखीकरण करना। □ बच्चों के पृष्ठभूमि विकास आदि के इंडीकेटर्स से संबंधित चाइल्ड प्रोफाइल तैयार करना एवं उसके माध्यम से बच्चों के विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना। □ आंगनबाडी कार्यकत्री के साथ मिलकर आयुवर्ग 3 से 6 वर्ष के बच्चों हेतु गुणवत्तापरक सीखने का वातावरण बनाना एवं गतिविधियों को सीखने को मुख्य आधार बनाकर कर कार्य करना। □ शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों, प्रशिक्षण आदि में समय-समय पर प्रतिभाग करना। □ ईसीसीई एजुकेटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक के नियंत्रणाधीन एवं उनके मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। प्रधानाध्यापक का यह दायित्व होगा कि संबंधित कर्मी को ईसीसीई से संबंधित कार्यों में लगाया जाये। फलस्वरूप आंगनबाडी केन्द्रों में नामांकित बच्चों के साथ उपरोक्तानुसार दिये गये कार्यों को करना संबंधित कर्मी द्वारा अनिवार्यता से किया जायेगा, जिसका अनुश्रवण प्रधानाध्यापक द्वारा किया जायेगा। □ संबंधित कर्मी की कार्यावधि विद्यालय समय सारिणी के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

**वेतन प्रति माह : रु. 10313**

रिक्ति विवरण आवेदन करें

**अब तक प्राप्त आवेदनों की संख्या** : 723